दैनिक
# क्यूँ न लिखूँ सच
प्रातः कालीन
मुरादाबाद से प्रकाशित
बर्षः- 05
अंकः- 81
मुरादाबाद
11 July 2025
(Friday)
पृष्ठः- 08
मूल्यः- 3.00 रूपया
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा,बहराइच, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## गुरु पूर्णिमा पर महाआरती के साथ संपन्न हुई पूजा, CM योगी ने किया महायोगी गोरखनाथ का विशिष्ट पूजन

### सीएम योगी बोले- पीड़ित व्यक्ति संतुष्ट दिखे, अधिकारी इसका ध्यान दें- पैसे की तंगी से न रुके किसी का उपचार

गोरखनाथ मंदिर में गुरु पूर्णिमा का विशेष अनुष्ठान प्रातः काल 5 बजे से ही प्रारंभ हो गया और सामूहिक आरती के साथ अनुष्ठान की पूर्णता हुई। गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी देशवासियों को गुरु पूर्णिमा की हार्दिक शुभकामनाएं भी दीं। गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर गुरुवार प्रातः काल गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शिवावतार महायोगी गुरु गोरखनाथ का नाथपंथ की परंपरा के अनुसार विशिष्ट पूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने अपने गुरुदेव ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ, दादागुरु ब्रह्मलीन



महंत दिग्विजयनाथ, योगिराज बाबा गंभीरनाथ समेत नाथपंथ के सभी गुरुजनों का भी विधि विधान से पूजन-अर्चन कर श्रद्धा निवेदित की और लोक कल्याण के पथ पर मार्गदर्शन के लिए उनके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की।गोरखनाथ मंदिर में गुरु पूर्णिमा का विशेष अनुष्ठान प्रातः काल 5 बजे से ही प्रारंभ हो गया और सामूहिक आरती के साथ अनुष्ठान की पूर्णता हुई। गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी देशवासियों को गुरु पूर्णिमा की हार्दिक शुभकामनाएं भी दीं। वैसे तो गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ जब भी गोरखनाथ मंदिर में होते हैं, गुरु गोरखनाथ जी तथा नाथपंथ के गुरुजन का दर्शन-पूजन उनकी दिनचर्या का हिस्सा होता है।पर, गुरु पूर्णिमा का अवसर गोरखनाथ मंदिर में विशिष्ट पूजा का होता है। गुरुवार को गोरक्षपीठाधीश्वर ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच महायोगी गुरु गोरखनाथ सहित मंदिर परिसर में मौजूद सभी देव विग्रहों और नाथपंथ के गुरुओं की प्रतिमाओं के समक्ष विधि विधान के साथ पूजन किया। आनुष्ठानिक कार्यक्रमों के क्रम में उन्होंने सबसे पहले नाथपंथ के आदिगुरु भगवान गोरखनाथ के दरबार में हाजिरी लगाई। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच उनकी पूजा की। वह परिसर में मौजूद सभी देव-विग्रहों के पास पहुंचे और उनका पूजन किया। उसके बाद वह बारी-बारी से बाबा गंभीरनाथ, अपने दादागुरु ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ और गुरुदेव ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ समेत ब्रह्मलीन गुरुओं की समाधि पर गए। सभी का वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजन कर आशीर्वाद लिया। गोरखनाथ मंदिर में नाथपंथ की विशिष्ट परंपरा के अनुसार गुरु गोरखनाथ को रोट का महाप्रसाद भी अर्पित किया गया। पूजा-अर्चना की आनुष्ठानिक प्रक्रिया संपन्न होने के बाद गुरु पूर्णिमा पर होने वाली परंपरागत महाआरती हुई तथा सभी गुरुओं के प्रति आस्था निवेदित की गई। जनता दर्शन में गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर पहुंचे लोगों को सीएम योगी ने आश्वस्त किया कि पैसे की तंगी से किसी का भी इलाज नहीं रुकने दिया जाएगा। उन्होंने प्रशासन को निर्देश दिया कि संबंधित मरीज के इलाज संबंधी इस्टीमेट की प्रक्रिया को पूर्ण कर इसे जल्द से जल्द शासन को उपलब्ध कराया जाए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान गुरुवार को गुरु पूर्णिमा पर्व पर आनुष्ठानिक कार्यक्रम की व्यस्तता के बावजूद जनता दर्शन का आयोजन किया। उन्होंने लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर व्यक्ति की समस्या का निस्तारण उनकी सरकार की विशेष प्राथमिकता है, इसलिए पीड़ितों की समस्याओं को गंभीरता और संवेदनशीलता से लेते हुए उनका समाधान त्वरित और संतुष्टिपरक तरीके से कराना सुनिश्चित कराएं।गुरुवार सुबह गुरु पूर्णिमा पूजन के बाद गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करीब 200 लोगों से मुलाकात की। मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन सभागार में कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री खुद गए और एक-एक कर उनकी समस्याओं को सुना। सबको आश्वस्त किया कि किसी को भी घबराने करने की आवश्यकता नहीं है, सबकी समस्या का समाधान हरहाल में किया जाएगा। जनता दर्शन में कुछ महिलाएं जमीन से जुड़े विवादों में प्रार्थना पत्र लेकर पहुंची थीं। कुछ की शिकायत थी कि उनकी जमीनों पर कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है। इन शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। कहा कि जमीनी विवादों का समाधान तत्परतापूर्वक इस तरह होना चाहिए जिससे पीड़ित व्यक्ति संतुष्ट दिखे। प्रार्थना पत्रों को उन्होंने अधिकारियों को हस्तगत करते हुए निर्देश दिया कि हर समस्या का निस्तारण त्वरित, गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिप्रद होना चाहिए। जनता दर्शन में गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर पहुंचे लोगों को सीएम योगी ने आश्वस्त किया कि पैसे की तंगी से किसी का भी इलाज नहीं रुकने दिया जाएगा। प्रशासन को निर्देश दिया कि संबंधित मरीज के इलाज संबंधी इस्टीमेट की प्रक्रिया को पूर्ण कर इसे जल्द से जल्द शासन को उपलब्ध कराया जाए। इस्टीमेट मिलते ही इलाज के लिए धन अवमुक्त हो जाएगा। जनता दर्शन के दौरान कुछ महिलाओं संग पहुंचे उनके बच्चों को मुख्यमंत्री ने प्यार-दुलार और आशीर्वाद देते हुए चॉकलेट दिया।

## आधार, राशन और वोटर कार्ड शामिल करने पर विचार करे ECI', बिहार मतदाता सूची पुनरीक्षण पर सुप्रीम आदेश

बिहार में मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। याचिकाकर्ताओं के वकील ने पुनरीक्षण को गलत बताया। पुनरीक्षण में आधार कार्ड को दस्तावेजों की सूची से बाहर रखने पर सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग से जवाब मांगा है। मामले में अगली सुनवाई 28 जुलाई को होगी।बिहार में मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण अभियान के खिलाफ दायर याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। लंबी बहस के बाद सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को निर्देश दिए कि वह पुनरीक्षण के लिए जरूरी दस्तावेजों में आधार कार्ड, राशन कार्ड और वोटर कार्ड को शामिल करने पर विचार करे। साथ ही तीन मुद्दों पर जवाब दाखिल करे। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को नोटिस जारी करते हुए सुनवाई की अगली तारीख 28 जुलाई तय की है।सुप्रीम कोर्ट ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण पर रोक नहीं लगाई है, क्योंकि याचिकाकर्ताओं ने अंतरिम रोक की मांग नहीं की है। जस्टिस सुधांशु धूलिया और जस्टिस जॉयमाला बागची की पीठ ने कहा कि हम सांविधानिक संस्था को वह करने से नहीं रोक सकते जो उसे करना चाहिए। कोर्ट ने चुनाव आयोग को अपना हलफनामा दायर करने के लिए एक सप्ताह का समय दिया है। वहीं याचिकाकर्ताओं को उसके एक सप्ताह बाद जवाब दाखिल करने के लिए कहा है।सुप्रीम कोर्ट ने तीन मुद्दों पर मांगा जवाब- सर्वोच्च न्यायालय ने चुनाव आयोग से तीन मुद्दों पर जवाब मांगा है। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग के वकील से कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि अदालत के समक्ष जो मुद्दा है वह लोकतंत्र की जड़ और मतदान के अधिकार से जुड़ा है। याचिकाकर्ता न केवल चुनाव आयोग के मतदान कराने के अधिकार को चुनौती दे रहे हैं,



बल्कि इसकी प्रक्रिया और समय को भी चुनौती दे रहे हैं। इन तीन मुद्दों पर जवाब देने की जरूरत है। पुनरीक्षण को बिहार चुनाव से क्यों जोड़ रहे- सुप्रीम कोर्ट- इससे पहले सुनवाई के दौरान जस्टिस जॉयमाल्या बागची ने चुनाव आयोग के वकील से कहा कि आप इस प्रक्रिया को नवंबर में होने वाले चुनाव से क्यों जोड़ रहे हैं? यह एक ऐसी प्रक्रिया है जो पूरे देश के चुनाव से स्वतंत्र हो सकती है। इस पर चुनाव आयोग के वकील ने कहा कि प्रक्रिया का पालन किया जाएगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि सुनवाई का अवसर दिए बिना किसी को भी मतदाता सूची से बाहर नहीं किया जाएगा।मतदाता सत्यापन के लिए जरूरी दस्तावेजों से आधार कार्ड को बाहर रखने पर चुनाव आयोग ने कहा कि आधार कार्ड नागरिकता का प्रमाण नहीं है। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग से पूछा कि आप मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण में नागरिकता के मुद्दे को क्यों उठा रहे हैं? यह गृह मंत्रालय का अधिकार क्षेत्र है। अगर आपको पुनरीक्षण के जरिये नागरिकता की जांच करनी थी तो आपको यह पहले करना चाहिए था। इसमें अब बहुत देर हो चुकी है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि परेशानी पुनरीक्षण प्रक्रिया से नहीं है। बल्कि दिक्कत इसके लिए चुने गए समय से है। न्यायमूर्ति बागची ने कहा कि इस गहन प्रक्रिया में कुछ भी गलत नहीं है ताकि गैर-नागरिक मतदाता सूची में न रहें, लेकिन यह इस चुनाव से पहले होना चाहिए। न्यायमूर्ति धूलिया ने कहा कि एक बार मतदाता सूची को अंतिम रूप दे दिया जाए और अधिसूचित कर दिया जाए और उसके बाद चुनाव हों तो कोई भी अदालत उसमें हाथ नहीं डालेगी।इससे पहले न्यायमूर्ति धूलिया ने चुनाव आयोग के वकील से कहा कि नागरिकता के लिए प्रक्रिया में साक्ष्यों का कड़ाई से मूल्यांकन किया जाना चाहिए। इसके लिए अर्ध-न्यायिक प्राधिकार होना चाहिए। अगर आपको बिहार में मतदाता सूची के एसआईआर के तहत नागरिकता की जांच करनी है, तो आपको पहले ही कार्रवाई करनी चाहिए थी। अब देर हो चुकी है। चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि संविधान के अनुच्छेद 326 के तहत भारत में मतदाता होने के लिए नागरिकता की जांच आवश्यक है। गलियों में न जाएं, हाईवे पर ही रहें- जस्टिस धूलियायाचिकाकर्ता के वकील गोपाल एस ने कहा कि बिहार में अंतिम मतदाता सूची जून में ही अस्तित्व में आ गई थी। इसके बाद न्यायमूर्ति धूलिया ने कहा कि चुनाव आयोग इसमें न्यायाधीशों, पत्रकारों और कलाकारों को शामिल कर रहा है क्योंकि वे पहले से ही जाने जाते हैं। हमें इसे ज्यादा लंबा नहीं खींचना चाहिए। हमें गलियों में नहीं जाना चाहिए, बल्कि हाईवे पर ही रहना चाहिए। श्रेणी से आधार कार्ड को बाहर रखना है।सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि मतदाता सूची पुनरीक्षण का काम आयोग के गहन पुनरीक्षण और संक्षिप्त पुनरीक्षण नियमों में है। सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ता के वकील से कहा कि हमें बताइए कि आयोग से यह कब करने की अपेक्षा की जाती है? समय-समय पर या कब? आप चुनाव आयोग की शक्तियों को नहीं, बल्कि उसके संचालन के तरीके को चुनौती दे रहे हैं। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के वकील गोपाल एस ने कहा कि यह मतदाता सूची का पुनरीक्षण है। इसका एकमात्र प्रासंगिक प्रावधान जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 है।

### संक्षिप्त समाचार

## सरकारी स्कूलों के विलय पर भाजपा ने सपा पर साधा निशाना, कहा- 2017 के पहले खंडहर थे स्कूल

सरकारी स्कूलों के विलय को लेकर सवाल उठाने पर भाजपा ने शहर में कई जगह होर्डिंग लगाकर सपा पर पलटवार किया है और शिक्षा के क्षेत्र में योगी सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों का जिक्र किया है।उत्तर प्रदेश में परिषदीय स्कूलों के विलय को लेकर राजनीतिक आरोप प्रत्यारोप का दौर चल रहा है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा था कि सरकार के इस निर्णय से गरीब और पीडीए से जुड़े बच्चे शिक्षा से वंचित हो जाएंगे। वहीं, भाजपा ने होर्डिंग के माध्यम से पलटवार किया है और योगी सरकार के शिक्षा के क्षेत्र में किए गए कार्यों का वर्णन किया है। बच्चों ने स्कूल छोड़ा। सपा सरकार में स्कूल खंडहर बन गए थे जबकि 2017 के बाद स्कूल समग्र शिक्षा के मंदिर बन गए हैं। होर्डिंग में पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव व वर्तमान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तस्वीरें भी लगाई गई हैं।भाजपा ने होर्डिंग में पलटवार करते हुए कहा है कि योगी सरकार के कार्यकाल में आठ साल में 18 मंडलों में अटल आवासीय विद्यालय, 57 जनपदों में मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय, गोरखपुर में पूर्वांचल के पहले सैनिक स्कूल की स्थापना, 680 कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों का उच्चीकरण किया गया है।

## पीएम मोदी ने राजनाथ सिंह को दी जन्मदिन की बधाई, कहा- देश के रक्षा क्षेत्र को बना रहे आत्मनिर्भर

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का जन्म 10 जुलाई 1951 को उत्तर प्रदेश के भभुआरा गांव में हुआ था। वे देश के सबसे वरिष्ठ राजनेताओं में से एक हैं। उनके जन्मदिन पर पीएम मोदी समेत तमाम वरिष्ठ राजनेताओं ने बधाई दी। पीएम नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को जन्मदिन की बधाई दी। इस मौके पर पीएम मोदी ने कहा कि देश के रक्षा क्षेत्र को आत्मनिर्भर बनाने का उनका प्रयास सराहनीय है। उन्होंने अपने परिश्रमी स्वभाव और बुद्धिमत्ता से अपनी अलग पहचान बनाई है।प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर लिखा कि केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह को जन्मदिन पर हार्दिक शुभकामनाएं। उन्होंने अपनी मेहनती प्रकृति और बुद्धिमत्ता से अपनी अलग पहचान बनाई है। भारत को रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने और हमारे सशस्त्र बलों को मज़बूत करने के उनके प्रयास सराहनीय हैं।



मैं उनके दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना करता हूं।केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने भी रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को बधाई दी। उन्होंने एक्स पर लिखा कि केंद्रीय मंत्रिमंडल में मेरे सहयोगी रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। मैं ईश्वर से आपके उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और मंगलमय जीवन की कामना करता हूं।केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सिंह को बधाई दी। उन्होंने कहा कि वह देश की सैन्य शक्ति को मजबूत करने और रक्षा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने में सराहनीय कार्य कर रहे हैं।

गृह मंत्री ने एक्स पर लिखा कि केंद्रीय रक्षा मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता राजनाथ सिंह को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। मोदी जी के नेतृत्व में आप देश की सैन्य शक्ति को निरंतर सुदृढ़ करने और रक्षा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने में सराहनीय कार्य कर रहे हैं। संगठन से लेकर सरकार तक, आपने सभी दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया है और सामाजिक जीवन जीने वालों को प्रेरणा दी है। मैं ईश्वर से आपके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना करता हूं। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राजनाथ सिंह भारतीय राजनीति में आदर्शों, ईमानदारी और संयम के प्रतीक हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। पांच दशकों से अधिक का आपका सार्वजनिक जीवन राष्ट्रनीति, राष्ट्रीय सुरक्षा और नैतिक राजनीति का एक ज्वलंत उदाहरण है। प्रभु श्री राम की कृपा आप पर बनी रहे। ईश्वर आपको उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु प्रदान करे।

## संपादकीय Editorial

### Saraji for existence

At this time, Himachal, trapped in the tragedy of floods, is looking for relief. While the state government is busy in the responsibility of its resources, the moments of the past disaster have come back to haunt. The accusation is that the center gives a lot, but the reality is that even the 2006 crores approved under the previous relief have reached the ground empty-handed. If the state has to sprinkle perfume of its contribution of five hundred crores on the relief amount, then what will be the meaning of sailing a ship in the sea of ??stories. Well, in the battle of these patches, the wounds will keep seeping, my broken feet will keep walking in your courtyard. Even if some areas were completed, it was so much so that the signs of the grave reached our house. The story of destruction can be read, but to write it, a plan for the future is needed. The surprising thing is that disasters have told us what other options we can have for living. For example, the ropeway route that the previous government had connected the Saraj valley, today the same has become a balm of relief for the entire valley amidst the tragedy. During this time, the protest to connect Bijli Mahadev with a ropeway echoed again. The surprising thing is that now if there is a need to save the land from the clouds, then ropeways will have to be adopted for walking or connecting. The country is working on ambitious plans for transportation, under which options of ropeways, cable buses and funicular railways are being suggested for inaccessible and hilly areas. However, the assessment of the heavy damage caused to Thunag, Janjehli and some other villages of Mandi shows that somewhere our model of development is also flawed. We have failed to create a balance and bridge between the past and the future in the pace of development. The ambition of a village becoming a town and a town becoming a city can be understood, but in the midst of all this, why did the soil of TCP's urban development plans get spoiled. The people of Himachal are against the necessity of any permission or plan. Who was to plan for the future in the market of Thunag, where three hundred and fifty shops were built. It is surprising that we have not been able to make a proper development plan for Shimla till date. Now the time has come to identify where the settlement will be, where the market will be and where the drainage will be. Time also demands that the entire state should be reorganized. For this, pooling of rural and urban lands becomes necessary. Today, if Himachalis are forced to settle on the banks of rivers or by digging mountains, it is because the state has not managed the land according to the increasing needs. The government itself is constructing its buildings on weak or dangerous land because the right land has either been distributed or has become the property of the forest department. In such a situation, the government should develop half a dozen investment cities along with satellite cities or four-lane projects between some cities. In Himachal, the Nautod land allotment and Muzara law neither made the land suitable for agriculture nor strengthened its public character. In such a situation, the remaining land should be pooled and exchanged with forest land. This will improve the land revenue records, protect public property and provide safe shelter in forest land. After providing immediate relief in Seraj, a development plan for rehabilitation should be made under the TCP Act so that environment friendly and limited development can be ensured according to appropriate norms. The entire state will have to be brought under the TCP Act and development plans for agriculture, horticulture, villages, cities, settlements and markets will have to be made.

# Thought: Let's do green decoration of Vasudha, we will plant the future, we will plant values ??- Yogi Adityanath

UP tree Planting Campaign 2025 Plantation Campaign 2025 is starting from July 9 in Uttar Pradesh. The article also mentions the Ek Ped Maa Ke Naam 2.0 campaign started by PM Modi. Under this, more than 210 crore saplings have been planted in the state between 2017 and 2024. The government's goal is to revive the disappearing rivers. Participation of 26 departments of UP and 25 crore citizens in plantation. Plantation Campaign 2025 starting from July 9, we will not only plant trees. We will plant the future, we will plant values: CM Yogi Adityanath 'Mata Bhumi: Putro Aham Prithviyah Parjanya: Pita Sa Un Nah Pipartu' (Atharvaveda) This proclamation is the essence of Indian philosophy of life. Our culture has taught that the earth is not just a piece of land, it is our mother. Life flourishes in her shade. When the mother is in pain, her breath starts suffocating in hot flames, then it is the duty of the son to give her relief, to give her rebirth. Today, when nature is battling global crises, heat is increasing, water level is decreasing, air is becoming poisonous, at such a time it is necessary to resolve to make the mother's lap green again. With this feeling, under the leadership and guidance of Prime Minister Narendra Modi, Uttar Pradesh has made a good effort of 'Ek Ped Maa Ke Naam 2.0'. This campaign is a non-demonstrative undertaking to express gratitude towards our mother through the tree. This idea is a symbol of the vision, sensitivity and nature-centric leadership of Prime Minister Narendra Modi. More than 210 crore saplings have been planted in the state between 2017 and 2024. According to the report of the Indian Forest Survey, Dehradun, between 2017 and 2024, Uttar Pradesh's green cover has increased by five lakh acres historically with public participation. The target of net zero carbon emission by the year 2070 announced by the Prime Minister reflects India's spirit of global leadership. To achieve this goal, India will have to increase the green cover extensively. The Uttar Pradesh government has deeply connected this campaign at all three levels - social, economic and cultural. We called upon the farmers to plant trees on the boundaries of the fields so that they can earn benefits under carbon credit. I am happy to tell that last year more than 25 thousand farmers of five divisions of the state were paid Rs 2.80 lakh and this year thousands of farmers of seven divisions are being given an amount of Rs 2.20 lakh. Today, when the global temperature is rising at an abnormal pace, we have to wake up for the future of future generations. This idea of ??the Prime Minister is the call of that consciousness. In the Plantation Campaign-2025 starting from July 9, we will not only plant trees. We will plant the future, we will plant values. This time our target is to plant more than 37 crore trees. When a farmer plants a tree on the boundary of his field and says 'This is in the name of my mother', then this work will not be just an action, but an emotion. When a girl plants a tree in school and puts up a plaque in the name of her mother, then that tree will become a part of her life. Planting trees is easy, saving them is difficult. This time we have decided to develop an emotional bond with every tree. This year, there is a plan to give a 'Green Gold Certificate' to every newborn born during the Van Mahotsav. Along with this, a plant will also be gifted. The plant will become the companion of that child. As the child grows up, the plant will also grow and when he reaches adolescence, he will realize that the relationship with the environment is not just a matter of textbooks, but a responsibility of life. In the campaign, we are ensuring that greenery reaches everywhere, from villages to cities, from farms to secretariats, from expressways to cow shelters. The goal of the Uttar Pradesh government is not only to increase the number of plantations, but to give concrete form to the environmental concept from the revival of extinct rivers to the conservation of natural water sources. Under the 'Ek Janpad, Ek Nadi' campaign, many rivers like Lucknow's Kukrail, Ayodhya's Tilodki, Prayagraj's Loni, Sonbhadra's Belan, Jhansi's Kanera, Jaunpur's Peeli, Kanpur's Non have been revived. When a student sees a neem tree planted by himself in his school, he will not only have respect for nature but will also feel the dignity of his labor. We did not say that the government will plant trees. It has been said that the society will plant trees and the government will go along with it. This is the environmental version of 'Sabka Saath, Sabka Vikas, Sabka Vishwas'. This is not plantation, but democracy of greenery. Our resolution is to preserve every plant. Our ancestors worshipped water, forest and land. This is a yagya to connect the soul of Uttar Pradesh to its roots. I do not only appeal to the people of the state, but also invite them to come and plant a tree - in the name of mother. This plant will bring new shade in your life and a new smile in the courtyard of Mother Earth. Make this resolution of the Prime Minister a mass movement. Planting a tree is easy but when that tree is connected to some emotion, then it is no longer ordinary, it becomes a symbol of responsibility. If we are able to do this today, then not only Uttar Pradesh, but the entire country and the world will say that India has once again embraced nature with its heart. Then a newborn, a mother, a farmer, a student, everyone will say - 'I have planted a tree in the name of mother.'

# After all, what do we Indians have to do with Zohran Mamdani! Why be proud of the success of every Indian?

Zohran is a very smart leader. He posted a photo of himself eating with his fingers to ensure that Trump supporters and especially white extremists target him and as a result, Indians and people from other countries, including Muslims living in New York, stand in his support. It is possible that Zohran Mamdani, an Indian, may become the mayor of New York City. There is a strong possibility of this because he has unexpectedly won the mayoral primary election. He defeated Andrew Cuomo of the Democratic Party in the primary election. Whether he becomes the mayor of New York or not will be known in November. There is a stir from America to India about the possibility of his victory. President Trump has seen the possibility of his victory as a threat. He called the Democratic Party candidate Zohran Mamdani a hundred percent communist on Truth Social and said, "I will not let this stupid communist destroy New York City." Earlier also Trump had warned Mamdani that if he obstructed the raids of Immigration and Customs Enforcement in New York, he would be deported. Replying to Trump, Mamdani had said that the President's statements were an attack on democracy. Joharan is the son of India-born well-known filmmaker-director Mira Nair and Ugandan Gujarati-origin professor Mahmood Mamdani. Mahmood was born in Mumbai. Punjabi Hindu Mira Nair was born and educated in India. Mira, who was awarded Padma Shri, has made famous films like Monsoon Wedding and Salaam Bombay.

If 33-year-old Joharan Mamdani wins the mayoral election, he will be the first Muslim and Indian-origin mayor of New York. He has made many populist promises. One of his promises is that he will increase taxes on the rich to increase revenue. Joharan is a member of the provincial legislature of New York. His wife is Rama Duwaji of Syrian origin. Joharan was born in Kampala, Uganda. He moved to New York with his parents at the age of seven. On one of Joharan's statements, lawyer and Rajya Sabha member of Congress Abhishek Singhvi had said that whenever he opens his mouth, Pakistan's PR team takes a leave. Actress and BJP MP Kangana Ranaut had said that he looks more like a Pakistani than an Indian. Joharan considers himself a Democratic Socialist. Whatever it means, most of the people who call themselves like this are mostly hardline leftists speaking the language of Islamists - in the country as well as in the world. Joharan is definitely like that. Once in a post (tweet) he had written that maybe the FBI's surveillance of Yemeni-origin American terrorist Anwar al-Awlaki must have led him to Al-Qaeda.

There cannot be a more foolish post than this which defends and sympathizes with a terrorist. But there is no dearth of such so-called progressive people in the world who shamelessly defend even the most dreaded terrorists. Even after this, they are called liberal-secular and also distribute certificates as to who is secular and who is communal. Most liberals and seculars are fake people of the conservative and communal type, but they have their own influence in the intellectual world - from India to America and Europe. Joharan's post defending Awlaki was condemned by the families of the victims of the 9/11 attacks and American security officials. According to an American report, between 2007 and 2011, in all the cases of terrorism registered in America, more than 20 percent were the work of Al-Awlaki supporters. Joharan is a very clever leader.

To ensure that Trump supporters and especially white extremists target him and as a result Indians and other nationals, including Muslims living in New York, stand in his support, he posted a photo of himself eating with his fingers. This photo gave the impression that he is an Indian who likes to eat with his fingers. He has done some other similar initiatives. He is a staunch opponent of Modi. An old statement of his says that when Modi was the Chief Minister, Muslims in Gujarat were oppressed so much that people stopped believing that Muslims live in Gujarat. It is not known whether he will become the Mayor of New York or not, but it is foolish for Indians to get excited about such Indian-origin people. When an Indian-origin person reaches a high position anywhere in the world, Indians' attention is drawn towards him. This is natural, but it is not right to assume that he will worry about India's interests. This happens very rarely. An example of this is Rishi Sunak, former Prime Minister of Britain. He did nothing in the interest of India during his tenure as Prime Minister- neither did he take any action against Nirav Modi nor did he take any concrete action against the Khalistan supporters who were creating havoc in Britain. Indians and people of Indian origin in the country and abroad should stop being unnecessarily proud of the success of every Indian.

# नाबालिग लड़की को नशीला पदार्थ पिलाकर किया दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट में मामला दर्ज

मुरादाबाद के मझोला में एक नाबालिग लड़की से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पीड़िता की मां के अनुसार शिवम नामक युवक ने पिंकी नामक महिला की मदद से उनकी बेटी को नशीला कोल्डड्रिंक पिलाकर बेहोश कर दिया और फिर उससे दुष्कर्म किया। पुलिस ने शिवम और पिंकी के खिलाफ दुष्कर्म और पास्को एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है और दोनों आरोपियों की तलाश जारी है। मुरादाबाद। मझोला के लाइनपार की महिला के अनुसार, उसकी 15 वर्षीय बेटी एकता कालोनी गई थी। जहां शिवम ने महिला पिंकी की मदद से उसकी बेटी को नशीला कोल्डड्रिंक पिला दिया। उसके बेहोश होने पर दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दे दिया। महिला ने सीओ सिविल लाइन कुलदीप कुमार गुप्ता को शिकायती पत्र दिया था। जिसके आधार पर आरोपित शिवम और मदद करने वाली महिला पिंकी के खिलाफ दुष्कर्म और पास्को एक्ट में प्राथमिकी दर्ज की गई है। दोनो आरोपितो की तलाश में पुलिस दबिश दे रही है।छात्रा की मां के अनुसार उनकी नाबालिग बेटी को आरोपित महिला ने बहाने से अपने घर बुलाया था फिर उसे नशे में कर आरोपित युवक को घर में बुलाते हुए घटना को अंजाम दे डाला। वहीं मझोला पुलिस ने छात्रा को इलाज के साथ मेडिकल परीक्षण के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। इस मामले में सभी साक्ष्य एकत्र किए जा रहे हैं।

# गुरु पूर्णिमा पर ब्रजघाट व तिगरीधाम में उमड़े श्रद्धालु, लगाई आस्था की डुबकी, सुरक्षा को तैनात रही पुलिस

गुरु पूर्णिमा के अवसर पर अमरोहा के ब्रजघाट और तिगरीधाम में श्रद्धालुओं ने गंगा में आस्था की डुबकी लगाई। माँ गंगा के जयकारों से घाट गूंज उठे। सुरक्षा के लिए पुलिस और गोताखोर तैनात थे। गंगा का जलस्तर बढ़ा होने के कारण पुलिस श्रद्धालुओं को सतर्क कर रही थी। श्रद्धालुओं ने सत्यनारायण की कथा सुनी और सुख समृद्धि की कामना की। दूर-दूर से श्रद्धालु गंगा स्नान के लिए आए थे। गुरु पूर्णिमा पर ब्रजघाट व तिगरीधाम स्थित पतित पावनी



मां गंगा के अंचल में स्नान करने के लिए श्रद्धालु उमड़ पड़े। उन्होंने यहां पर आस्था की डुबकी लगाई। इस दौरान मां गंगा के जयकारों से गंगा घाट गूंज उठे। सुरक्षा के लिहाज से पुलिस कर्मी व गोताखोर मौजूद रहे। उधर, गंगा का जलस्तर बढ़ा होने की वजह से पुलिस भी श्रद्धालुओं को सचेत करती रही। गुरुवार को ब्रजघाट में ब्रह्म मुहूर्त प्रारंभ होते ही हर-हर गंगे के जयकारों के बीच गंगा में डुबकी लगाने का क्रम प्रारंभ हो गया था जो, निरंतर चलता रहा। स्नान उपरांत श्रद्धालुओं ने घाट पर बैठे ब्राह्मणों व पुरोहितों से भगवान सत्य नारायण की कथा व हवन यज्ञ कराकर गंगा में फूल प्रसाद चढ़ा सुख समृद्धि की कामना की। ब्रजघाट में श्रद्धालु, मुरादाबाद, हापुड़, गजरौला, मेरठ, गाजियाबाद, बुलंदशहर, दिल्ली, हरियाणा इत्यादि क्षेत्रों से स्नान करने के लिए आए थे। किसी भी अनहोनी से निपटने के लिए इस दौरान पुलिस प्रशासन के साथ गोताखोर भी सतर्क रहे। उधर, तिगरीधाम में भी बिजनौर, धनौरा, चांदपुर इत्यादि जगह के श्रद्धालु पहुंचे।प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान ने बताया कि तिगरीधाम व ब्रजघाट में स्नान करने पहुंचे श्रद्धालुओं की सुरक्षा में पुलिस पूरी तरह से तैनात रही। गंगा का जलस्तर बढ़ा हुआ है। इसलिए पुलिस श्रद्धालुओं को सावधानी के साथ स्नान करने के लिए कह रही है। गोताखोर भी हैं।

# महिला ने पति और जेठ पर लगाए गंभीर आरोप, SSP के आदेश पर केस दर्ज; पुलिस कर रही जांच

मुरादाबाद के सिविल लाइंस में एक विवाहिता ने अपने ससुराल वालों पर गंभीर आरोप लगाए हैं जिसमें पति पर अश्लील हरकतें करने और ससुरालियों पर उत्पीड़न का आरोप है। महिला का कहना है कि उस पर गलत काम करके पैसे कमाने का दबाव बनाया गया और इनकार करने पर मारपीट की गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच कर रही है। विवाहिता ने ससुराल पक्ष पर लगाए गंभीर आरोप  पति पर अश्लील प्रस्ताव रखने का आरोप 7- आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज, जांच जारी 7 सिविल लाइंस की विवाहिता ने ससुरालियों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। महिला के अनुसार शादी के बाद पति अश्लील प्रस्ताव रखता। उत्पीड़न करता था। एसएसपी के आदेश के बाद सिविल लाइंस थाने में प्राथमिकी दर्ज हुई है। महिला ने बताया कि उसकी शादी हरथला निवासी एक व्यक्ति के साथ हुई थी। ससुराल पहुंचते ही पता चला कि उसका पति शराबी और जुआरी है। कुछ समझ पाती कि ससुरालियों ने गलत काम कर पैसे कमाने का दबाव बनाना शुरू कर दिया। इनकार पर पिटाई के साथ-साथ मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना शुरू कर दी गई। तीन मई 2025 की सुबह आठ बजे जब अपने कमरे में थी, तभी जेठ अरविंद कमरे में घुस आया। चिल्लाने पर ससुर मेघराज, सास शकुंतला, जेठानी प्रीति, देवर आकाश वहां पहुंचे और लात-घूंसों व बेल्ट से पिटाई की। आठ माह के बच्चे समेत घर से निकाल दिया। धमकी दी कि अगर वापस आई तो जान से मार देंगे। मामले में उत्थान केंद्र में दोनों पक्षों की काउंसलिंग हुई। बावजूद आरोपित नहीं माने। सिविल लाइंस इंस्पेक्टर मनीष सक्सेना ने बताया कि शिकायती पत्र पर पति शर्मेंदर, ससुर मेघराज, सास शकुंतला, जेठ अरविंद, जेठानी प्रीति और देवर आकाश के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है।

# कांवड़ यात्रा को लेकर मुरादाबाद में पुलिस-प्रशासन सतर्क, डीएम ने दिए जरूरी निर्देश

कांवड़ियों की सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन सतर्क है। जिलाधिकारी के निर्देशानुसार कावड़ यात्रा मार्ग पर सीसीटीवी कैमरे और प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए एसडीएम को पत्र लिखा गया है। सहसपुर बॉर्डर से छजलैट बॉर्डर तक प्रकाश व्यवस्था और प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने का आग्रह किया गया है। ठाकुरद्वारा-काशीपुर मार्ग की जर्जर हालत से भी ग्रामीणों को परेशानी हो रही है। कांवड़ियों की सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए पुलिस प्रशासन सतर्क हो गया है। जिलाधिकारी के निर्देश पर सावन के महीने में प्रारंभ होने वाले कावड़ यात्रा के मार्ग में कावड़ यात्रा को से कुशल संपन्न कराए जाने के लिए पुलिस क्षेत्राधिकारी गौरव त्रिपाठी ने एसडीएम को पत्र भेजकर सीसीटीवी कैमरे प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त करने की सूची पत्र प्रेषित कर भेजी है, जिसमें सहसपुर बॉर्डर से कस्बा कांठ



पार करके छजलैट बॉर्डर तक विद्युत लाइन के खम्बो पर लाइट व्यवस्था एवं लोहे के विद्युत पोल पर प्लास्टिक पन्नी रिफ्लेक्टर कांवड़ पथ तिराहा नयागांव कासमपुर पर सीसीटीवी कैमरे सुचारू कराए जाने। सड़क किनारे विद्युत ट्रांसफार्मर एवं विद्युत तार नीचे हैं उनको ऊपर कराया जाना जरूरी है और बैरियर की व्यवस्था बताई है। इसके अलावा शिव मंदिर ग्राम कासमपुरग भूढ टिवा मंदिरग मिश्रीपुर तिराहा कस्बा कांठग मोढी चौराहाग कस्बा कांठ ग्करनपुर रोड ग्गांधी आश्रम शिविर गशिव मंदिर गरेलवे स्टेशन तिराहा थाना चौराहा आर्य समाज मंदिर कस्बा कांड रेलवे क्रॉसिंग रसूलपुर रसूलपुर नहर पुलिया रसूलपुर नहर पुलिया से कैच की पुलिया शिव मंदिर ग्राम रसूलपुरग छजलेट थाना क्षेत्र में किसान तिराहा।भीकनपुर में रोड ग्कुचावलीग लदावली ग्सराय खजूरग कैंच की पुलिया ग्रसूलपुर चौराहा तिराहा इन सभी स्थानों पर दो-दो सीसीटीवी कैमरे एवं प्रकाश व्यवस्था की जरूर बताते हुए पुलिस क्षेत्राधिकारी ने एसडीएम कांठ को पत्र प्रेषित किया है। जिससे कांवड़ियों की सुरक्षा व्यवस्था का पूरा ध्यान रखा जा सकेठाकुरद्वारा- मुरादाबाद काशीपुर हाईवे को काशीपुर दलपतपुर मार्ग से जोड़ने वाले ठाकुरद्वारा अलीगंज मार्ग की साइड पटरी उखड़ चुकी हैं। करीब आठ किलोमीटर के लिंक मार्ग पर ढेला नदी का पुल और उत्तराखण्ड बार्डर भी पड़ता है। इस लिंक मार्ग से खनन वाहनों के साथ भारी माल वाहनों की आवाजाही ज्यादा रहती है। सड़क की चौड़ाई कम होने के कारण चालकों को परेशानी होती है। भारी वाहनों के चलते अक्सर जाम लग जाता है। इस मार्ग से लगभग दर्जनभर गांव जुड़े हैं। ग्रामीणों को भी ठाकुरद्वारा और काशीपुर आने जाने में समस्या से जूझना पड़ता है।

# अचानक लगे ब्रेक... ट्रक में घुसी कार, सिपाही और बीवी की मौत; बच्चों संग इसलिए एक दिन पहले आ रहे थे अमरोहा

मुरादाबाद- अमरोहा में हुए दर्दनाक हादसे में हेड कांस्टेबल व उनकी पत्नी की मौत के मामले में ट्रक चालक पर केस दर्ज किया गया है। हादसे में जान गंवाने वाले हेड कांस्टेबल जावेद जव्वाद जैदी और उनकी पत्नी अपने दोनों बेटों को मंगलवार को स्कूल भेजने के लिए अपनी छुट्टी खत्म के एक दिन पहले ही अमरोहा लौट रहे थे। अमरोहा के गजरौला में दिल्ली हाईवे पर सोमवार दोपहर हुए हादसे में ट्रक चालक की लापरवाही सामने आई है। ट्रक चालक के अचानक ब्रेक लगाने से पीछे चले रहे हेड कांस्टेबल जावेद जव्वाद जैदी की कार उसमें घुस गई थी। हादसे में हेड कांस्टेबल और उनकी पत्नी उरुस जैदी की मौत हो गई थी। मामले में पुलिस ने मुरादाबाद नंबर ट्रैक के आगे चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। वहीं, मजिस्ट्रेट की अनुमति मिलने के बाद रात में ही कांस्टेबल और उनकी पत्नी के शवों का पोस्टमार्टम कराया गया। इसके बाद पर परिजन दोनों शवों को अपने साथ मुजफ्फरनगर ले गए और सुपुर्द-ए-खाक कर दिया है।मुजफ्फरनगर के खतौली थाना इलाके के गांव गालिबपुर निवासी रिटायर्ड चिकित्सक रियाज जैदी के बेटे जव्वाद जैदी साल 2011 में यूपी पुलिस में सिपाही के पद पर भर्ती हुए थे। वर्तमान में वह खुफिया विभाग की विशेष अभिसूचना शाखा में अमरोहा ऑफिस में हेड कांस्टेबल थे। मुहर्रम के मौके पर जावेद पांच जुलाई को छुट्टी लेकर घर गए थे। रविवार रात मुहर्रम निपटने के बाद सोमवार को वह कार से गांव से अमरोहा लौट रहे थे। जव्वाद कार खुद चला रहे थे जबकि बगल वाली सीट पर उनकी पत्नी उरुस जैदी और पीछे की सीट पर उनके दो बेटे फहाम और



अली कियान बैठे थे।उनकी कार हाईवे पर केंद्रीय सेवा एवं वस्तु कर कार्यालय के सामने पहुंची थी कि आगे चल रहे अनाज लदे ट्रक चालक के अचानक ब्रेक लगाने पर उनकी कार उसमें घुस गई।पुलिस लोगों की मदद से चारों घायलों को सीएचसी लेकर पहुंची जहां चिकित्सकों ने जव्वाद जैदी, उनकी पत्नी उरुस जैदी को मृत घोषित कर दिया गया था।दोनों बेटों को अस्पताल में चल रहा इलाज एसपी अमित कुमार आनंद ने खुद मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और अस्पताल में भर्ती दोनों बच्चों का हाल जाना था। फिलहाल, मृतक हेड कांस्टेबल जव्वाद जैदी के दोनों बेटों का इलाज डिडौली स्थित निजी अस्पताल में चल रहा है। जहां उनकी हालत स्थिर बनी हुई है।एसपी अमित कुमार आनंद ने बताया कि मामले में मृतक जव्वाद जैदी के बड़े भाई काशिफ की तहरीर पर मुरादाबाद नंबर ट्रैक के अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।जांच में सामने आया है कि ट्रक चालक ने लापरवाही से ब्रेक लगाए थे, जिस कारण पीछे से आ रहे हेड कांस्टेबल की कार घुस गई और हादसा हो गया था।बेटों को स्कूल भेजने के लिए एक दिन पहले ही आ रहे थे अमरोहा हादसे में जान गंवाने वाले हेड कांस्टेबल जावेद जव्वाद जैदी और उनकी पत्नी अपने दोनों बेटों को मंगलवार को स्कूल भेजने के लिए अपनी छुट्टी खत्म के एक दिन पहले ही अमरोहा लौट रहे थे मगर कुदरत को कुछ और ही मंजूर था। सोमवार दोपहर तीन बजे दिल्ली हाईवे पर हादसे में जव्वाद जैदी और उनकी पत्नी की मौत हो गई जबकि दोनों बेटे अली कियान व फयाम घायल हो गए।मंगलवार को मुजफ्फरनगर के स्थित गांव में उनके व उनकी पत्नी शव सुपुर्दे खाक कर दिए गए। उनके दोस्त रोहित पाराशर, सचिन कुमार, योगेश कुमार ने बताया कि दंपती की अंतिम यात्रा में हजारों की भीड़ उमड़ी।

## संक्षिप्त समाचार

# शराब के ठेके में साझेदारी के नाम पर कारोबारी से 1.5 करोड़ की ठगी, तीन के खिलाफ रिपोर्ट

मुरादाबाद- शराब के कारोबार में साझेदारी कराने के नाम पर एक व्यापारी से 1.5 करोड़ रुपये की ठगी और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना गलशहीद क्षेत्र के गांधी नगर निवासी काव्य अग्रवाल ने एसएसपी को दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि वह सरकारी शराब ठेके का लाइसेंसधारी है। कुछ समय पूर्व उसके परिचित राहुल शर्मा, राहुल की मां इंदिरा देवी और भाई वंश शर्मा निवासी वार्ड संख्या-3, आवास विकास कॉलोनी, काशीपुर उधम सिंह नगर उसके दिल्ली रोड स्थित कार्यालय पर आए। आरोपियों ने कहा कि उत्तराखंड सरकार में उनकी अच्छी पकड़ है और वह उसे वहां शराब के ठेके में साझेदार बनाकर कारोबार बढ़ा सकते हैं। विश्वास में लेकर मुरादाबाद कचहरी में अनुबंध पत्र तैयार कराया। इसके बाद आरोपियों ने काव्य के नैनीताल बैंक और अन्य खातों से 1.5 करोड़ रुपये की राशि अपने खातों में ट्रांसफर करा ली। आरोप है कि न साझेदार बनाया और न ही उसकी रकम लौटाई गई। कई बार संपर्क किया तो उसे धमकाया गया और 1 करोड़ रुपये और मांगे गए। पीड़ित के अनुसार आरोपियों ने फर्जी दस्तावेज व कूटरचित बैंक खातों का इस्तेमाल करते हुए यह रकम कब्जा ली। इस धोखाधड़ी से आर्थिक नुकसान के साथ वह मानसिक व सामाजिक रूप से भी परेशान है। इस संबंध में थाना सिविल लाइंस के प्रभारी निरीक्षक मनीष सक्सेना ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है और मामले की जांच जारी है।

# पीतल नगरी से निकला होनहार, दुनिया की सबसे बड़ी टेक कंपनी में पाया ऊंचा ओहदा, निर्यातकों में उत्साह

मुरादाबाद- मुरादाबाद के मूल निवासी सबीह खान को प्रमुख टेक कंपनी एपल का सीओओ नियुक्त किया गया है। उनका संबंध शहर के प्रसिद्ध ब्रास एक्सपोर्टर यार मोहम्मद खान के परिवार से है। सबीह की प्रारंभिक शिक्षा सेंट मैरी स्कूल में हुई थी। मुरादाबाद शहर के लिए गर्व का क्षण है। यहां के मूल निवासी और



प्रतिष्ठित कारोबारी परिवार से ताल्लुक रखने वाले सबीह खान को एपल इंक का नया चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर (सीओओ) नियुक्त किया गया है। इस उपलब्धि की खबर सामने आते ही मुरादाबाद के पीतल निर्यातकों और कारोबारी जगत में उत्साह है। कारोबारियों ने इसे मुरादाबाद के लिए गौरव का क्षण बताया और सबीह खान को बधाई दी। सबीह खान का जन्म वर्ष 1966 में मुरादाबाद में हुआ था। वह शहर के प्रतिष्ठित ब्रास एक्सपोर्टर यार मोहम्मद खान के परिवार से ताल्लुक रखते हैं। उनके पिता सईद खान मूल रूप से रामपुर के निवासी थे।वर्ष 1963 में यार मोहम्मद खान की पोती से विवाह के बाद मुरादाबाद आकर पीतल के निर्यात कारोबार से जुड़ गए। बाद में सईद खान सिंगापुर चले गए। सबीह खान की प्रारंभिक शिक्षा मुरादाबाद के सेंट मैरी स्कूल में हुई, जहां उन्होंने पांचवीं कक्षा तक पढ़ाई की। इसके बाद वह विदेश चले गए और अमेरिका में उच्च शिक्षा प्राप्त की। वर्ष 1995 में एपल में अपने करियर की शुरुआत करने वाले सबीह ने लगातार मेहनत के दम पर कंपनी के शीर्ष नेतृत्व में जगह बना ली। अब उन्हें एपल का सीओओ बनाए जाने पर मुरादाबाद के निर्यातकों ने खुशी जताई है। मुरादाबाद हैंडीक्राफ्ट एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने कहा कि सबीह खान की यह उपलब्धि न सिर्फ शहर बल्कि पूरे देश के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने छोटे शहरों से निकलकर वैश्विक स्तर पर पहचान बनाने का उदाहरण पेश किया है।


क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

**संपादक - नरेश राज शर्मा**

**मो. 9027776991**

**RNI NO- UPBIL/2021/83001**

**इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।**

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# आदिनाथ चौक से आईवीआरआई तक बनेगा थ्री डी कॉरिडोर

क्यूँ न लिखूँ सच -पं सत्यमशर्मा

बरेली। महापौर डॉ. उमेश गौतम की अध्यक्षता में 15वें वित्त के तहत अनटाइड और टाइड फंड से मिली धनराशि को लेकर बैठक हुई। इसमें विभिन्न कार्यों के लिए 103 करोड़ रुपये की मंजूरी दी गई। प्रमुख कार्यों में आदिनाथ से आईवीआरआई रोड पर थ्री डी कॉरिडोर बनाया जाएगा। इसके साथ ही 5 मलिन बस्तियों का भी कायाकल्प कराने की मंजूरी दी गई। महापौर कार्यालय में हुई बैठक में विकास कार्यों के लिए दिए गए अनटाइड और टाइड फंड के बारे में महापौर डा. उमेश गौतम ने बताया कि टाइड फंड को विशिष्ट कार्यों के लिए ही इस्तेमाल किया जाता है, जबकि अनटाइड फंड का इस्तेमाल किसी भी विकास कार्य के लिए किया जा सकता है। इसके तहत 103 करोड़ रुपये की धनराशि मंजूर की गई है। इसे पेयजल, सीवर समेत जल निकासी, पर्यावरण संरक्षण और कूड़ा निस्तारण पर खर्च किया जाएगा। साथ ही नई सड़कों की मरम्मत का काम होगा। नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने बताया कि जो बजट स्वीकृत हुआ है उसके कार्यों के लिए टेंडर प्रक्रिया जल्द शुरू होगी, ताकि विकास को रफ्तार मिले। बैठक में अपर नगर आयुक्त शशिभूषण राय, मुख्य अभियंता मनीष अवस्थी, अधिशासी अभियंता राजीवरा ठी, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा. भानु प्रकाश आदि मौजूद रहे।



# मिलीभगत से कैश मशीन बनी मनरेगा योजना

क्यूँ न लिखूँ सच - अरविंद कुमार

पीलीभीत - सरकार की महत्वाकांक्षी मनरेगा योजना अब जिम्मेदारों के लिए कैश मशीन बनती हुई नजर आ रही है। रोजगार सेवक ग्राम प्रधान एवं ब्लॉक स्तर के अधिकारियों की मिली भगत के चलते मनरेगा योजना से अपनी संपत्तियों बनाने में जुटे हुए हैं। यहां तक की इन सब फर्जीवाड़ों के लिए मास्टर रोल भी बखूबी से जारी किए जा रहे हैं। ताजा मामला विकासखंड मरौरी की ग्राम पंचायत न्यूरिया हुसैनपुर दक्षिणी मुस्तकिल का है जहां मनरेगा योजना के अंतर्गत प्रदीप के खेत से गोकुल प्रसाद के खेत तक कच्चा नाला खुदान कार्य चल रहा है। जिसके अंतर्गत 9 मास्टर रोल जारी किए गए और उसमें 62 लोगों की उपस्थिति दर्ज की गई है। परन्तु मौके पर सिर्फ 17 लोग ही उपस्थित पाए गए। वहां उपस्थित मनरेगा मेट सुषमा मंडल ने बताया कि उनके यहां सिर्फ 17 श्रमिक उपस्थिति हैं। सुषमा ने यह भी बताया कि विगत दिनों में भी इस कार्य पर सिर्फ 17 से 18 श्रमिक ही कार्य कर रहे हैं। वही इसके विपरीत एनएमएमएस पोर्टल पर फर्जीवाड़ा कर 62 श्रमिकों कि उपस्थिति दर्ज की गई है। इस संबंध में जब अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी मरौरी से जानकारी ली गई तो उन्होंने 1 घंटे में जानकारी देने की बात कही परंतु खबर लिखे जाने तक अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी मरौरी द्वारा कोई भी जानकारी प्रदान नहीं की गई है। आपको बता दें कि ग्राम पंचायत न्यूरिया हुसैनपुर दक्षिणी मुस्तकिल मैं तैनात रोजगार सेवक राजेश कुमार इस तरह के फर्जीवाड़ा करने में अत्यधिक माहिर हैं।

# तीन दिन से पूरनपुर में चल रहा किसान धरना प्रशासन के लिखित आश्वासन पर समाप्त

क्यूँ न लिखूँ सच
अरविंद कुमार

पूरनपुर तहसील परिसर में पिछले तीन दिनों से भारतीय किसान यूनियन (भानु) का अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन चल रहा था। किसानों की जमीन संबंधी समस्याओं, रास्तों की खराब स्थिति और प्रशासनिक अनदेखी से नाराज संगठन के कार्यकर्ता लगातार धरने पर बैठे हुए थे।

बुधवार को आंदोलन ने और रफ्तार पकड़ी जब भाकियू के जिला अध्यक्ष भजनलाल क्रोधी व अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष नासिर शाह के नेतृत्व में जिले के अन्य पदाधिकारी भी पूरनपुर तहसील पहुंचे और धरना प्रदर्शन को तेज किया। धरना स्थल पर बढ़ती सक्रियता को देखते हुए उपजिलाधिकारी पूरनपुर स्वयं मौके पर पहुंचे और भाकियू पदाधिकारियों से वार्ता की। लगभग आधे घंटे तक चली बातचीत के बाद प्रशासन की ओर से किसानों की समस्याओं के समाधान को लेकर लिखित आश्वासन दिया गया, जिसके बाद धरना प्रदर्शन को स्थगित कर दिया गया।

भाकियू द्वारा उठाई गई प्रमुख मांगों में नवदिया मुजस्सा निवासी किसान विनोद कुमार की भूमि से अवैध कब्जा हटवाने की मांग प्रमुख थी।

किसान का आरोप है कि ग्राम बिनौरा खास (माधौटांडा) व रामपुर (महाराजपुर) स्थित उसकी कृषि भूमि पर कुछ लोग जबरन कब्जा करने की कोशिश कर रहे हैं। शिकायत करने पर प्रशासन ने सात दिन में कार्रवाई का आश्वासन दिया था, लेकिन अब तक कोई हल नहीं निकला, जिससे किसान और संगठन दोनों में रोष था। इसके अलावा ग्राम लाह में मनरेगा योजना के अंतर्गत हुए कार्य के दौरान दोनों ओर लगे पेड़ों की स्थिति पर भी सवाल उठाए गए। संगठन के अनुसार राजेंद्र पुत्र हीरालाल ने अपने पेड़ हटा लिए, जबकि विपक्ष की ओर से अभी तक पेड़ नहीं हटाए गए हैं, जिससे विवाद बना हुआ है। ग्राम चंदोखा में चकरोड की जमीन पर विपक्ष द्वारा कब्जा कर लिया गया है

और इसी मामले में किसान सीताराम पर मुकदमा भी कायम कर दिया गया, जिसे लेकर संगठन ने न्यायिक जांच की मांग रखी। साथ ही ग्राम लाह में टूटी पड़ी इंटरलॉक सड़क से निकलने में ग्रामीणों को हो रही परेशानी का मुद्दा भी उठाया गया। संगठन ने मांग की कि तुरंत पाइप की व्यवस्था कर निकासी की समस्या का समाधान कराया जाए। वार्ता के बाद प्रशासन ने सभी मामलों पर शीघ्र कार्रवाई का लिखित आश्वासन दिया। भाकियू ने चेतावनी दी कि यदि तय समय सीमा में समाधान नहीं हुआ, तो संगठन दोबारा आंदोलन करने को बाध्य होगा।


# गुरू पुर्णिमा पर गुरूओं को सम्मानित कर ,किया पौधारोपण

क्यूँ न लिखूँ सच

रिठौरा। श्री पी0 सी0 आजाद इंटर कालेज बिहारकलां में गुरु पूर्णिमा के मौके पर मण्डल बरेली के संयुक्त शिक्षा निदेशक राकेश कुमार ने भी कार्यक्रम में सहभागिता की इस अवसर पर उन्होंने अपने गुरु जनों को याद करते हुए विद्यालय के सम्मानित शिक्षकों को गुरु पूर्णिमा की बधाई दी । विद्यालय परिसर में पौधारोपण किया। इस दौरान विद्यालय के प्रबंधक प्रभास चन्द्र आजाद, प्रधानाचार्य डाक्टर राजेन्द्र कुमार गंगवार, हेम पाल तथा जेडी कार्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।








# चौकी से भागा गोलीकांड का आरोपी, एसएसपी ने दरोगा और सिपाही को किया निलंबित

क्यूँ न लिखूँ सच -पं सत्यमशर्मा

बरेली। जोगी नवादा की चावल मंडी में हुए गोलीकांड का आरोपी अमित राठौर रुहेलखंड चौकी पुलिस की हिरासत से भाग गया। एसओजी ने उसे पकड़कर चौकी पुलिस को सौंपा था। इस मामले में सीओ तृतीय पंकज श्रीवास्तव और बारादरी थाना प्रभारी धनंजय पांडेय की जांच रिपोर्ट के बाद एसएसपी अनुराग आर्य ने रुहेलखंड चौकी प्रभारी जगत सिंह और सिपाही सचिन को निलंबित कर दिया है। दूसरी ओर आरोपी अमित राठौर ने चौकी से भागकर कोर्ट में सरेंडर कर दिया है। दरअसल आरोपी अमित को मुठभेड़ में घायल होने का खतरा सता रहा था। वह काफी समय से छुपकर शहर में ही रह रहा था और कोर्ट में हाजिर होने की योजना बना रहा था। इस दौरान वह एसओजी के हाथ चढ़ गया, जिसके बाद उसे रुहेलखंड चौकी पुलिस के हवाले कर दिया गया। बताया जा रहा है कि पुलिसवाले उसे लॉकअप में बंद नहीं किया। चौकी पर बैठाए रहे और खुद इधर-उधर चले गए। मौका पाकर अमित राठौर चौकी से फरार हो गया और फिर कोर्ट में हाजिर हो गया। आठ दिसंबर 2024 की शाम जोगी नवादा में अधिवक्ता रीना सिंह के पति लखन राठौर और उनके दो देवरों पर हत्या की नीयत से अवैध असलहों से फायरिंग की गई थी। इस संबंध में बारादरी थाने की पुलिस ने पुलिस मुठभेड़ में सौरभ राठौर, शिवम राठौर, अभिषेक और लालू पटेल को गिरफ्तार किया था। आकाश राठौर, टिंकू राठौर, विशाल राठौर भी पकड़े गए। इन सभी को जेल भेजा गया था।



# 11 जुलाई से 18 जुलाई तक मनाया जायेगा विश्व जनसंख्या दिवस अभियान

क्यूँ न लिखूँ सच - अरविंद कुमार

राज्य स्तर से प्राप्त निर्देशों के क्रम में विगत वर्षो की भाँति इस वर्ष भी 11 जुलाई 2025 को विश्व जनसंख्या दिवस का आयोजन किया जायेगा तथा 11 जुलाई से 18 जुलाई 2025 तक विश्व जनसंख्या दिवस अभियान का आयोजन जनपद के सभी स्वास्थ्य केन्द्रों पर किया जायेगा। इस वर्ष विश्व जनसंख्या दिवस 2025 का स्लोगन होगा मॉ बनने की उम्र वही, जब तन और मन की तैयार सही एवं विश्व जनसंख्या दिवस 2025 की थीम होगी "Healthy Timing & Spacing Between Pregnancies for Planned Parenthood". इस अभियान के आयोजन को लेकर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 आलोक कुमार द्वारा सभी प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को पत्र भेज कर निर्देशित किया गया है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य जन-मानस के मध्य व्यापक प्रचार-प्रसार कर परिवार नियोजन कार्यक्रम को प्रचारित करना एवं इसके लाभ के बारे में लागों को जागरूक करना है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा बताया गया कि अभियान से पूर्व आशा बहनों द्वारा क्षेत्र में भ्रमण कर लागों को विश्व जनसख्ंया दिवस के विषय में अवगत कराते हुये परिवार नियोजन की सेवा प्राप्त करने के लिये इच्छुक दम्पत्तियों को चिन्हित किया जायेगा एवं अभियान के दौरान इन इच्छुक दम्पत्तियों को परिवार नियोजन की निशुल्क सेवायें प्रदान की जायेगीं। अभियान के दौरान लोगों को कम उम्र में विवाह न करने, दो बच्चों के जन्म के बीच सही अंतर रखने, प्रसव के बाद परिवार नियोजन के उपलब्ध साधन एवं नसबंदी कराने में पुरूषों एवं महिलाओं की सहभागिता बढाने आदि के बारे में सहयोगी परामर्श देते हुए जागरूकता बढ़ाई जायेगी। विश्व जनसंख्या दिवस अभियान में सभी स्वास्थ्य केन्द्रों पर परिवार नियोजन से सम्बन्धित विशेष स्टॉल लगाकर परिवार नियोजन से सम्बन्धित सभी सेवाओं के प्रति परामर्श प्रदान किया जायेगा एंव इच्छुक लाभार्थीयों को निशुल्क सेवा भी प्रदान की जायेगी। अभियान के दौरान सभी स्वास्थ्य केन्द्रों पर विश्व जनसंख्या दिवस से सम्बन्धित बैनर प्रदर्शित किये जायेगें एवं जानकारी हेतु पम्पलेट्स का वितरण भी किया जायेगा। साथ ही परिवार नियोजन कार्यक्रम के प्रचार-प्रसार हेतु जनपद स्तर पर एवं प्रत्येक ब्लाक स्तरीय स्वास्थ्य केन्द्रों से परिवार नियोजन के बैनर से सुसज्जित सारथी-वाहन का संचालन भी किया जायेगा जोकि क्षेत्र के लोगों के बीच जाकर परिवार नियोजन के साधनों का वितरण करेगा एवं लोगों को परिवार नियोजन साधन अपनाने हेतु जागरूक किया जाएगा।



# शिवपुरी में 1 अगस्त से आयोजित होगी अग्निवीर सेना भर्ती रैली, 10 जिलों के लगभग 10 हजार युवा लेंगे भाग

क्यूँ न लिखूँ सच - राजकुमार शर्मा (कटारे)

